**Activities 2022-23**

**राजकीय महाविद्यालय सैंज की 'राष्ट्रीय सेवा योजना' इकाई के द्वारा 'हर घर तिरंगा महोत्सव' के उपलक्ष्य पर रंगोली प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, नारा लेखन और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया I**















GSSS SAINJ


OnePlus


OnePlus




वन्दे
75
मातरम्


75 वां
स्वतंत्रता
दिवस

**दिनांक 12 अगस्त 2022 को महाविद्यालय की 'राष्ट्रीय सेवा योजना' इकाई के स्वयंसेवको और विद्यार्थियों के द्वारा तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों व् प्राचार्य महोदय ने भाग लिया। प्राचार्य महोदय श्री आर. के. सिंह जी ने विद्यार्थियों को तिरंगा यात्रा के महत्व के बारे में बताया**









जो बालक अपने माता-पिता
वह तेजस्वी, यशस्वी और







**दिनांक 16 अगस्त 2022 को महाविद्यालय की ‘राष्ट्रीय सेवा योजना’ इकाई के स्वयंसेवको ने ‘श्री लक्ष्मी नारायण उद्यान सैंज' में स्वच्छत्ता अभियान चलाया जिसमें उद्यान की झाड़ियों को काटा गया, साफ़-सफाई की गयी और पेड़ों के तोलिये बनाये गए**














Shot on OnePlus
By Pradeep Kumar
16/08/22
11:52







OnePlus


**दिनांक 1 सितम्बर 2022 को महाविद्यालय की 'राष्ट्रीय सेवा योजना' इकाई के स्वयंसेवको ने परिसर सौन्दर्यीयकरण और स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें महाविद्यालय में विभिन्न प्रकार के फूलों को लगाया गया और साफ़ सफाई की गयी**










ot on OnePlus
radeep Kumar
01/09
14




Shot on OnePlus
By Pradeep Kumar
01/09/22
15:06



दिनांक 24 सितंबर 2022 को राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस के उपलक्ष पर महाविद्यालय के परिसर व सभी क्लास रूम में स्वच्छता अभियान चलाया गया । जिसमें महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई  के स्वयंसेवकों द्वारा इस कार्य को पूरा किया गया ।










**सितंबर 2022 को पोषण माह के रूप में मनाया गया जिसमें विभिन्न विषयों के ऊपर व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रुप से प्रोफेसर अंजलि और डॉक्टर हीरा भक्ति के द्वारा बच्चों को पोषण के बारे में जानकारी उपलब्ध करवाई गई**
















ABVP


Shot on OnePlus
By Pradeep Kumar
29/09/22
15:36

दिनांक 29 सितंबर 2022 को राजकीय महाविद्यालय सैंज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के पूर्व कार्यक्रम अधिकारी भूपेंद्र शर्मा के द्वारा बच्चों को राष्ट्रीय सेवा योजना के आदर्श वाक्य, लक्ष्य और उद्देश्य के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई ।जिसमें पूर्व कार्यक्रम अधिकारी के द्वारा स्वयंसेवकों को समाज के प्रति उनके कर्तव्यों के बारे में बताया कि किस तरह बे समाज के उत्थान में अपना बहुमूल्य योगदान दे सकते हैं।

दिनांक 31 अक्टूबर 2022 को राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य पर राजकीय महाविद्यालय सैंज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई ।



**राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ**

मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूँ कि मैं राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करूंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूँ जिसे सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करता हूँ।

**RASHTRIYA EKTA DIWAS PLEDGE**

I solemnly pledge that I dedicate myself to preserve the unity, integrity and security of the nation and also strive hard to spread this message among my fellow countrymen. I take this pledge in the spirit of unification of my country which was made possible by the vision and actions of Sardar Vallabhbhai Patel. I also solemnly resolve to make my own contribution to ensure internal security of my country.









**दिनांक 31 अक्टूबर 2022 को राजकीय महाविद्यालय सैंज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक होशियार शर्मा (इतिहास) के द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस के महत्व के बारे में बताया और सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन दर्शन और उनके**

द्वारा राष्ट्र निर्माण के लिए किए गए विभिन्न कार्यों के ऊपर प्रकाश डाला। राष्ट्र की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए स्वयंसेवियों और विद्यार्थियों के द्वारा किस तरह सक्रिय रुप से योगदान दिया जा सकता है इसके बारे में भी बताया।










**दिनांक 26 नवंबर 2022 को राजकीय महाविद्यालय सैंज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा 'संविधान दिवस' का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य प्रोफेसर राजेश कुमार सिंह ने कार्यक्रम में भाग लिया । जिसमें प्राचार्य महोदय ने भारतीय संविधान के बारे में विस्तृत रूप से स्वयंसेवी और महाविद्यालय के विद्यार्थियों को विस्तृत रूप से जानकारी दी । अंत में सविधान दिवस के उपलक्ष पर भारतीय संविधान की प्रस्तावना को भी पढ़ा गया। इस कार्यक्रम में प्रो.अंजलि, प्रो.होशियार शर्मा, प्रो. अमन सूद और प्रो. हीरा भक्ति भी मौजूद रहे।**




8:10 · 26 Nov 22 from Kullu and Manali, India ·






**Seven Day Special Camp Activities (2022-23)**
**(9 March to 15 March)**

**1st Day**

**राजकीय महाविद्यालय सैंज**

**राजकीय महाविद्यालय सैंज, कुल्लू में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय (9-15 मार्च 2023) वार्षिक शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्राचार्य महोदय राजेश कुमार सिंह के द्वारा किया गया।**

**इसमें कार्यक्रम अधिकारी असिस्टेंट प्रोफेसर प्रदीप कुमार के द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया।**

**वार्षिक शिविर की शुरुआत सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ की गई। इसमें प्राचार्य महोदय ने अपने वक्तव्य के माध्यम से वार्षिक शिविर के महत्व और औचित्य पर प्रकाश डाला और उन्होंने स्वयंसेवकों को जीवन में अनुशासन, समर्पण, प्रतिबद्धता, आत्मविश्वास और दृढ़ शक्ति जैसे जीवन मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। मंच का संचालन स्वयंसेवी गोदावरी व तुषार के द्वारा किया गया। इस दौरान स्वयंसेवियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य रूप से कुलवी नाटी, कुलवी गीत और कविता पाठ किया गया। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी प्रदीप कुमार, एसोसिएट प्रोफेसर गोविंद राम सैनी, असिस्टेंट प्रोफेसर कविता कटोच, प्रो.सुरेश कुमार, प्रो.अंजलि, प्रो. होशियार सिंह, प्रो.हीरा भक्ति और प्रो. अमन सूद मौजूद रहे।**


NAL SERVICE SCHEME
N
you
lu) H.P.


r Tiranga is our pride
sents Bharat progress




Govt.


IONAL SER
N S
not n
College

**2nd Day**

**शिविर के दूसरे दिन  राष्ट्रीय सेवा योजना जिला कुल्लू के सह- समन्वयक  श्री सुभाष भारद्वाज ने स्वयंसेवियों को एनएसएस स्वयंसेवी के तौर पर विद्यार्थी की महाविद्यालय और  समाज में भूमिका पर  विस्तार से अपना वक्तव्य रखा । इस दौरान  महाविद्यालय की सफाई तथा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी स्वयंसेवियों द्वारा किये गए  कार्यक्रम अधिकारी प्रदीप कुमार, एसोसिएट प्रोफेसर गोविंद राम सैनी, प्रोफेसर कविता कटोच, प्रो.सुरेश कुमार, प्रो.अंजलि, प्रो. होशियार सिंह, प्रो.हीरा भगती, प्रो.अमन सूद मौजूद रहे ।**

## सैंज कालेज में सात दिवसीय एनएसएस शिविर शुरू

सैंज। महाविद्यालय सैंज कुल्लू में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना का शिवि आरंभ हुआ । शिविर का शुभारंभ मुख्यातिथि प्राचार्य राजेश कुमार सिंह ने किया । शिविर के प्रथम दिन प्राचार्य ने एनएसएस के महत्व और उद्देश्य प प्रकाश डाला और उन्होंने स्वयंसेवकों को जीवन में अनुशासन, समर्पण, प्रतिबद्धता, आत्मविश्वास और दृढ़ शक्ति जैसे जीवन मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया । शिविर के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना जिला सह. समन्वयक सुभाष भारद्वाज ने स्वयंसेवियों को एनएसएस स्वयंसेवी के तौर पर विद्यार्थी की महाविद्यालय और समाज में भूमिका पर विस्तार से अपना वक्तव्य रखा । इस दौरान महाविद्यालय की सफाई तथा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी स्वयंसेवियों द्वारा किए गए। कार्यक्रम अधिकारी प्रदीप कुमार,









**3rd Day**

**राजकीय महाविद्यालय सैंज के एनएसएस के विशेष शिविर के तीसरे दिन वृक्षारोपण किया गया । कार्यक्रम अधिकारी प्रो॰ प्रदीप ने बताया कि इस वृक्षारोपण का शुभारंभ प्राचार्य प्रो॰ राजेश कुमार सिंह द्वारा किया । इस दौरान लगभग देवदार के लगभग सौ पौधे लगाए गए**

। एनएसएस स्वयंसेवियों का उद्देश्य महाविद्यालय  परिसर को हरा भरा तथा स्वच्छ रखना है। एनएसएस शिविर के सात दिन विद्यार्थी विभिन्न तरह की गतिविधियां  जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम , विचार विमर्श , स्वच्छता अभियान जैसे कार्यक्रम  को सुचारू रूप से चलाएंगे ।



















# सैंज कालेज के स्वयंसेवियों ने देवदार के पौधे रोपे






सैंज। राजकीय महाविद्यालय सैंज में सात दिवसीय एनएसएस शिविर के तीसरे दिन
किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रदीप कुमार ने बताया कि कॉलेज के 25 स्वयंसेवियों ने सैंज
देवदार के 100 पौधे रोपे।

हिमाचल



सैंज कालेज मे आयोजित एनएसएस शिविर के तीसरे दिन पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान मौजूद स्वयंसेवी • जागरण

## एनएसएस स्वयंसेवियों ने मेला मैदान के पास किया पौधारोपण

**संवाद सहयोगी, सैंज :** राजकीय महाविद्यालय सैंज में एनएसएस शिविर के तीसरे दिन शनिवार को स्वयंसेवियों ने पौधारोपण किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रदीप कुमार ने बताया कि कालेज के 25 स्वयंसेवियों ने सैंज मेला मैदान के आसपास देवदार के सौ पौधे रोपकर पर्यावरण का संदेश दिया। स्वयंसेवियों ने सुबह एनएसएस परेड में भाग लिया और उसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से कुल्लवी व किन्नौरी नाटी की प्रस्तुति दी।

**4th Day**

**राजकीय महाविद्यालय सैंज में एनएसएस के विशेष शिविर के चौथे दिन महाविद्यालय में स्वच्छता अभियान चलाया गया । इसके अंतर्गत शिविर के सभी प्रतिभागियों ने महाविद्यालय के साथ लगते लक्ष्मीनारायण मैदान परिसर की सफाई की । मैदान में पड़े**

प्लास्टिक को उठाकर साफ किया गया । इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी प्रो० प्रदीप ने स्वयंसेवियों को परेड का अभ्यास भी करवाया साथ ही सैंज बाजार में स्वच्छता से संबंधित जागरूकता रैली भी निकाली । स्वयंसेवियों ने बड़े ही जोश और उत्साह से स्वच्छता का संदेश सभी सैंज वासियों को दिया । आज के दिन के दूसरे सत्र में दोपहर बाद विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी स्वयंसेवियों द्वारा प्रस्तुत किये गए जिसका मुख्य आकर्षण कुल्लुवी नाटी थी । इस दौरान प्रो० अमन सूद ,प्रो०हीरा भगती तथा कार्यालय से श्री अभिषेक मौजूद रहे।








सैंज कालेज में सात दिवसीय एनएसएस शिविर के चौथे दिन रविवार को स्वयंसेवी लोगों को जागरूक करते हुए ● जागरण

**सैंज :** राजकीय महाविद्यालय सैंज के एनएसएस स्वयंसेवियों ने शिविर में स्वच्छता से संबंधित जागरूकता रैली भी निकाली गई और लोगों से













**5th Day**

**राजकीय महाविद्यालय सैंज में आयोजित एनएसएस के विशेष शिविर के पांचवे दिन महाविद्यालय के स्वयंसेवियों को एसबीआई बैंक सैंज के मैनेजर श्री विशाल नेगी ने वितीय साक्षरता से अवगत कराया । कार्यक्रम अधिकारी प्रो० प्रदीप ने बताया कि स्वयंसेवियों को प्रतिदिन विभिन्न क्षेत्रों के समसामयिक मुद्दों के प्रति शिविर के दौरान**

जागरूक करवाया जाता है । आज के सत्र में विशाल नेगी जी ने विद्यार्थियों को ऑनलाइन ठगी के बारे में जागरूक करवाया साथ ही बैंकों में चल रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी प्रदान की साथ ही स्वयंसेवियों की जिज्ञासाओं को भी शांत किया । इसके साथ ही शिविर के दौरान चलने वाली विभिन्न सांस्कृतिक,खेलकूद तथा स्वच्छता से संबंधित गतिविधियां भी की गई।











इसी का प्रयोग किया है।

सैंज > बंजार > कुल्लू > मनाली

website: www.mywebsite.com

# राजकीय महाविद्यालय सैंज में एनएसएस का विशेष शिविर पांचवे दिन आयोजित

## महाविद्यालय के स्वयंसेवियों को एसबीआई बैंक सैंज के मैनेजर विशाल नेगी ने वितीय साक्षरता से अवगत कराया




**सैंज हलचल टीम सैंज (पी के रॉयल) :-** राजकीय महाविद्यालय सैंज में आयोजित एनएसएस के विशेष शिविर के पांचवे दिन महाविद्यालय के स्वयंसेवियों को एसबीआई बैंक सैंज के मैनेजर विशाल नेगी ने वितीय साक्षरता से अवगत कराया । कार्यक्रम अधिकारी प्रो० प्रदीप ने बताया कि स्वयंसेवियों को प्रतिदिन विभिन्न क्षेत्रों के समसामयिक मुद्दों के प्रति शिविर के दौरान जागरूक करवाया जाता है । आज के सत्र में विशाल नेगी ने विद्यार्थियों को ऑनलाइन ठगी के बारे में जागरूक करवाया साथ ही बैंकों में चल रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में






**6th Day**

**आज दिनांक 14/03/2023 को महाविद्यालय सैंज जिला कुल्लू में एनएसएस के विशेष शिविर के छठे दिन का समापन हुआ । शिविर के छठवें दिन "बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ" थीम पर स्वयंसेवियों के साथ महाविद्यालय की अन्य छात्राओं ने सौ से अधिक की संख्या में महाविद्यालय के साथ लगते मैदान में महानाटी प्रस्तुत कर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का**

संदेश दिया । इसके अतिरिक्त महाविद्यालय परिसर की सफाई तथा परिसर के सौन्दर्यकरण के लिए फूलों के पौधे रोपे गए । इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी प्रो० प्रदीप सहित अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे ।



सैंज कॉलेज में पारंपरिक परिधानों में सजधज कर नाटी पेश कर बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं का संदेश देतीं

संवाद न्यूज एजेंसी

सैंज महाविद्यालय में 100 से अधिक छात्राओं ने पेश की नाटी

न्यूली/कुल्लू। राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय सैंज में कुल्लवी नाटी से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया गया।

महाविद्यालय की 100 ... अधिक छात्राओं ने ... और धाटू में ... छात्रा...

## कुल्लू के राजकीय ...ज में एनएसएस के विशेष ...िवर के छठे दिन का समापन

...शिविर के छठवें दिन "बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ" की थीम रही आकर्षण का केंद्र





फोटो

*सैंज हलचल टीम सैंज (पी के रॉयल):- मंगलवार को जिला कुल्लू के राजकीय महाविद्यालय सैंज में एनएसएस के विशेष शिविर के छठे दिन का समापन हुआ। शिविर के छठवें दिन "बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं" थीम पर स्वयंसेवियों के लगते लक्ष्मी नारायण मैदान में महानाटी प्रस्तुत कर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया । इसके अतिरिक्त महाविद्यालय परिसर की सफाई तथा परिसर के सौन्दर्यकरण के लिए फूलों के पौधे रोपे गए । इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी प्रो० प्रदीप सहित अन्य स्टाफ सदस्य*

7th Day

**राजकीय महाविद्यालय सैंज जिला कुल्लू  में एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन किया गया। इस दौरान महाविद्यालय प्राचार्य प्रो० राजेश कुमार सिंह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस दौरान एनएसएस स्वयंसेवी गोदावरी ने  शिविर के दौरान हुई गतिविधियों का विवरण मुख्य अतिथि के समक्ष प्रस्तुत किया । मुख्यातिथि महोदय ने अपने वक्तव्य में कहा कि एनएसएस स्वयंसेवियों   में इस प्रकार  शिविरों  द्वारा नैतिक मूल्यों का विकास होता है और स्वयंसेवी भावी  जीवन के विभिन्न भूमिकाओं के लिए तैयार होते हैं। मुख्यातिथि महोदय की शुभकामनाओं तथा कुल्लुवी नाटी   के साथ इस शिविर  का समापन हुआ। इस पूरे शिविर का संचालन  कार्यक्रम अधिकारी प्रो० प्रदीप के  नेतृत्व में सफलतापूर्वक किया गया । इस दौरान प्रो० होशियार शर्मा और प्रो० अमन सूद भी मौजूद रहे ।**









